कार्यालय अधिष्ठाता,
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001
FAX (O) -07752-224200, PHONE (O) - 07752-230030,
Website: www.cimsbilaspur.ac.in email- deancims@gmail.com

क्र. 1535 / स्था / प्रशा / सिम्स / 2024 बिलासपुर, दिनांक 24/01/2024

Walk-In-Interview संशोधन सूचना

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के अंतर्गत सुपरस्पेशिलिटी चिकित्सालय, कोनी, बिलासपुर छ०ग० हेतु कार्यालयीन आदेश क्रमांक / 555 / स्था.प्रशा. / सिम्स बिलासपुर, दिनांक 09.01.2024 को रिक्त शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय पदों की भर्ती संविदा माध्यम से किये जाने हेतु विज्ञापन प्रसारित किया गया था उक्त प्रसारित विज्ञापन में वर्तमान में रिक्त पदों पर अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर में फरवरी माह से प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे से (अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस) Walk-In-Interview आयोजित किया जाएगा। (फरवरी माह में दिनांक 01.02.24, 08.02.24, 15.02.24, 22.02.24 एवं 29.02.24)

आवश्यक दिशा निर्देश :

1. उपरोक्त पदों के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु एवं नेशनल मेडिकल कमीशन के प्रचलित मापदण्ड अनुसार एवं छ.ग. शासन नियमानुसार मान्य होगा।
2. उपरोक्त पदों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजपत्रित अधिकारियों के लिये लागू आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।
3. पदों पर संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि अथवा इन पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो के लिये होगा, जो छत्तीसगढ़ शासन, संविदा भर्ती नियम 2012 के अंतर्गत शासित होंगे तथा संविदा अवधि गोपनीय प्रतिवदेन एवं रिक्तता के आधार पर बढ़ायी जा सकेगी।
4. सेवानिवृत्त तथा भूतपूर्व शासकीय सेवक / भूतपूर्व सैनिक चिकित्सक भी नियमानुसार पात्र होंगे।
5. साक्षात्कार के लिये अभ्यर्थी अपना पासपोर्ट साईज नवीनतम दो रंगीन फोटो एवं समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति तथा दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रति सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थिति दर्ज करें।
6. साक्षात्कार के समय शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थी अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करें। अनापत्ति प्रमाण–पत्र के अभाव में ऐसे अभ्यर्थी अपात्र माने जायेंगे।
7. उपरोक्त दर्शाये गये पदों की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है साथ–साथ नियमित विभागीय पदोन्नति से भरे जाने वाले पदोन्नत पद विलोपित भी किया जा सकता है। रिक्त पदों की संख्या प्रतिदिन पदों की रिक्तता के आधार पर अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा निर्धारित की जावेगी।
8. पदों के संवर्ग, पदों की रिक्तता एवं अर्हता के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर के दूरभाष से प्राप्त की जा सकती है।
9. उक्त पदों पर समेकित वेतनमान, शासन के नियमानुसार देय होगा।
10. साक्षात्कार की प्रकिया प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ की जावेगी।
11. उपरोक्त जानकारी सिम्स के वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in पर भी उपलब्ध हैं।

अधिष्ठाता 24-01-2024
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ0 क्र. 1536-38 / स्था. / प्रशा. / सिम्स / 2024 बिलासपुर, दिनांक 24/01/2024

प्रतिलिपिः–

1. अध्यक्ष / सदस्य चयन समिति एवं स्क्रुटनी समिति की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि साक्षात्कार तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर स्क्रुटनी एवं चयन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
2. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. सेल की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि उक्त विज्ञापन को संस्थान की वेबसाइट में अपलोड करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालयीन प्रति।

अधिष्ठाता 24-01-2024
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान,
बिलासपुर (छ.ग.)